व्यक्तित्व गुण उपागम में नवीन आयाम (Further Development in Trait Approach)

व्यक्तित्व गुणों के क्षेत्र में किए हुए अनुसंधानों में कैटेल द्वारा सुझाये गए 16 व्यक्तित्व कारकों संबंधी व्यक्तित्व गुणों में काफी अन्तःनिर्भरता की ओर संकेत किया है। उदाहरण के तौर पर यह बात कारक 1 तथा कारक 16 और कारक 3 तथा कारक 7 में वर्णित गुणों में स्पष्ट दिखायी पड़ती है। वह व्यक्ति, जो शांत प्रकृति का है वह चिंतामुक्त (Relaxed) रहेगा ही और जो चिंतित तथा बेचैन रहने वाला है उसे संवेगात्मक रूप से अस्थिर और अशांत होना ही चाहिए। इसी प्रकार से जो शर्मीला और डरपोक है उसे अपने-आप में सिमट कर बिना मेल-जोल और दोस्ती रहित बनना ही पड़ता है तथा बिना झिझक सबसे मेल-जोल बढ़ाने वाले मित्र बालक का साहसी होना भी स्वाभाविक है। इस रूप में कैटेल द्वारा सुझाये गए व्यक्तित्व गुणों तथा व्यक्तित्व कारकों में काफी अधिक पुनरावृत्ति और समानता नज़र आती है। परिणास्वरूप व्यक्तित्व का वर्णन करने वाले व्यक्तित्व गुणों तथा व्यक्तित्व कारकों की सूची का और भी संक्षिप्त होना आवश्यक है। इसी मार्ग पर चलते हुए कुछ समकालीन मनोवैज्ञानिकों जैसे गोल्डवर्ग (1981) पीडमोन्ट मक्रे तथा कोस्टा (1991) ने व्यक्तित्व कारकों की संख्या 5 तक सीमित कर दी है। इन कारकों को इनमें निहित विभिन्न व्यक्तित्व गुणों के साथ निम्न तालिका में देखा जा सकता है।

तालिका 30.3 व्यक्तित्व का वर्णन करने वाले पाँच कारक तथा संबंधित व्यक्तित्व गुण

क्रमांक (S. No.)	व्यक्तित्व कारक (Personality Factors)	व्यक्तित्व गुण (Personality Traits)
1.	बहिर्मुखी (Extrovert)	बातूनी, मेल-जोल वाला, साहसी
2.	सहमति या समझौतावादी प्रकृति (Agreeableness)	भलापन, सहयोगी और दूसरों के द्वारा पसंद
3.	अंतरात्मा की आवाज़ (Consciousness)	ज़िम्मेदारी निभाना, पवित्र आचरण तथा कार्य के प्रति सजगता
4.	संवेगात्मक स्थिरता (Emotional Stability)	शांत, धैर्यवान तथा स्थिर
5.	संस्कृति (Culture)	बुद्धिमान, कला-दर्शन तथा साहित्यिक विषयों में पारंगत

विशेषक एवं प्रकार समन्वित सिद्धान्त (Theories Adopting Trait cum Type Approach)

इस प्रकार के सिद्धान्त व्यक्तियों की उनके व्यक्तित्व गुणों या विशेषकों के आधार पर व्याख्या करने (Trait Approach) तथा उन्हें वर्गों या प्रकारों में विभाजित करने (Type Approach) दोनों ही दृष्टिकोणों का समन्वय करने का प्रयत्न करते है।

आइजैन्क द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्त इस श्रेणी में आता है। वह इस मामले में गार्डन ऑलपोर्ट तथा आर. बी. कैटेल से कुछ और आगे बढ़ जाता है। वह किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व का वर्णन करने तथा उसकी पहचान कायम करने

Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner